**Regarding development of the birth place of Mirabai**

श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़ **(राजसमन्द) :** महोदया, प्राचीन समय से ही समाज का विकास करने में महिलाओं का योगदान रहा है । मेरा लोक सभा क्षेत्र राजसमन्द मेवाड़ में है । वहां पर मां मीरा का जन्म हुआ था । मेरे लोक सभा क्षेत्र के जैतारण के लोगों का यही मन है कि मीरा मां की जगह का विकास किया जाए । वहां पर काफी लोग दूर-दूर से आते हैं । जब उनकी 525 वीं जयंती थी, तब प्रधान मंत्री जी ने भी 525 वीं जयंती का सिक्का निकाला था ।

मेरा यही कहना है कि उस क्षेत्र का विकास हो, सड़कें अच्छी तरह से जुड़ें, पर्यावरण को और वहां की लोक संस्कृति को ध्यान में रखते हुए सब कुछ किया जाए । आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद ।